# ZAPAD अभ्यास 2025

स्रोत: पी.आई.बी

भारतीय सशस्त्र बलों का दल रूस के लिये रवाना हुआ है ताकि वे **संयुक्त बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास ZAPAD 2025** में भाग ले सकें, जो **निज़िनी, रूस** में आयोजित किया जाएगा।

- भारतीय सेना के दल का नेतृत्व **कुमाऊँ रेजमिंट** के एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है, साथ ही इसमें अन्य शाखाओं और सेवाओं के सैनिक शामिल हैं, जिनमें **भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना के कर्मी** शामिल हैं।

## ZAPAD अभ्यास

- **परिचय:** सोवियत काल में शुरू हुई ZAPAD अभ्यास शृंखला, रूस द्वारा वर्ष 2009 से आयोजित की जा रही है।
- **उद्देश्य:**
    - इसका मुख्य उद्देश्य **सैन्य सहयोग को बढ़ाना** और अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना है।
    - प्रतिभागी देशों को पारंपरिक युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों में रणनीतियों और तकनीकों का आदान-प्रदान करने का मंच प्रदान करना।
    - यह अभ्यास खुले और समतल क्षेत्रों में संयुक्त कंपनी-स्तरीय अभियानों पर केंद्रित होगा।
    - **उभरती प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करना और बहुराष्ट्रीय युद्ध वातावरण में संयुक्त संचालन क्षमताओं में सुधार करना।**




**और पढ़ें:** भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/zapad-exercise-2025